CBSE Class 11 Hindi Core A
NCERT Solutions
Chapter 09 Poem
Avtar Singh Pash

1. कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट, पुलिस की मार, गद्दारी-लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना?
उत्तर:- कवि ने मेहनत की लूट,पुलिस की मार, गद्दारी-लोभ को इनके सीमित प्रभाव के कारण सबसे खतरनाक नहीं माना है क्योंकि ये कुछ ऐसी परिस्थितियाँ हैं जो कभी-कभी होती हैं और इनसे उभरा जा सकता है। साथ ही इस प्रकार की क्रियाओं में व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है; यदि इच्छा हो तो इन्हें बदला भी जा सकता है । हालाँकि आज के वातावरण में इन सबसे खतरनाक कई अन्य बातें भी हैं ।

2. सबसे खतरनाक शब्द के बार-बार दोहराए जाने से कविता में क्या असर पैदा हुआ?
उत्तर:- सबसे खतरनाक शब्द के बार-बार दोहराए जाने से कविता का कथ्य प्रभावशाली ढंग से हमारे सामने उभर कर आता है। कविता में पाठकों की रूचि और जिज्ञासा बनी रहती है। पाठक खतरनाक और सबसे खतरनाक में अंतर जान पाता है।

3. कवि ने कविता में कई बातों को बुरा है न कहकर बुरा तो है कहा है। तो के प्रयोग से कथन की भंगिमा में क्या बदलाव आया है, स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:- तो के प्रयोग से 'खतरनाक' शब्द की तुलनात्मक स्थिति का ज्ञान होता है।
बुरा है में स्पष्ट रूप से आरोप लगता है। यह अपने-आप में पूर्ण वाक्य हो जाता है। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती।
बुरा तो है यह कहकर हम बात आगे बढ़ाते हैं, पाठक के मन में जिज्ञासा उत्पन्न करते हैं ;उसे और अधिक जानने के किए बाध्य करते हैं। **तो** शब्द यह बताता है कि स्थितियाँ बुरी तो है परंतु अभी भी चरम सीमा तक नहीं पहुँची हैं ।
इस प्रकार **तो** के प्रयोग से कथन की भंगिमा में यह बदलाव आया है कि खतरनाक की श्रेणी में होते हुए भी अन्य सब खतरनाक बातों से अलग है।

4. मुर्दा शांति से भर जाना और हमारे सपनों का मर जाना - इनको सबसे खतरनाक माना गया है। आपकी दृष्टि में इन बातों में परस्पर क्या संगति है और ये क्यों सबसे खतरनाक है?
उत्तर:- जब हम निष्क्रिय होकर बेजान की तरह चुपचाप शांति से अन्याय, अत्याचार को सहन करते जाते हैं तब हम 'मुर्दे' जैसी स्थिति में आ जाते हैं । जब हम कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते; खासकर विपरीत परिस्थिति में तो ऐसी तटस्थता निश्चय ही खतरनाक होती है।

'हमारे सपनों का मर जाना' उस स्थिति की ओर इशारा करता है जब हम अपने भविष्य के सुनहरे सपने बुनना बंद कर देते हैं और यथास्थिति को स्वीकार कर लेते हैं।

ये दोनों ही स्थितियाँ सबसे खतरनाक होती हैं और एक जैसी ही हैं।

5. सबसे खतरनाक वह घड़ी होती है/आपकी कलाई पर चलती हुई भी जो/आपकी निगाह में रुकी होती है। इन पंक्तियों में घड़ी शब्द की व्यंजना से अवगत कराइए।
उत्तर:- उपर्युक्त पंक्तियों में 'घड़ी' शब्द 'जीवन की गति' से संबद्ध है। जिस प्रकार घड़ी चलती रहती है ;ठीक उसी प्रकार मानव का जीवन भी प्रगतिशील होना चाहिए। वह समय सबसे खतरनाक होता है जो आगे बढ़ने के स्थान पर एक बिंदु पर आकर रुक जाता है।अगर व्यक्ति की आगे बढ़ने की इच्छा हो जाती है तो उसका जीवन ' रुकी हुई घड़ी' के समान हो जाता है जो व्यर्थ है ।

6. वह चाँद सबसे खतरनाक क्यों होता है, जो हर हत्याकांड के बाद/आपकी आँखों को मिर्चों की तरह नहीं गड़ता है?

उत्तर:- चाँद सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है परंतु किसी भी हत्याकांड के बाद कोई भी सौंदर्य का रसास्वादन नहीं करना चाहता अर्थात् कवि के कहने का तात्पर्य यहाँ यह है कि आमतौर पर हत्याकांड के लिए जिम्मेदार व्यक्ति हमारी आँखों में चुभना चाहिए फिर भी जब लोगों की आँखों में वह खटकता नहीं है और ऐसे समय में अगर वे तटस्थ व निष्क्रिय भाव लिए रहते हैं तो ऐसी संवेदनशून्यता वास्तव में खतरनाक होती है।

7. 'कवि ने मेहनत की लूट सबसे खतरनाक नहीं होती' से कविता का आरंभ करके फिर इसी से अंत क्यों किया होगा।
उत्तर:- कवि **'मेहनत की लूट सबसे खतरनाक नहीं होती'** से कविता का आरंभ करके फिर इसी से अंत 'खतरनाक' और 'सबसे खतरनाक' स्थिति के अंतर को बताने के लिए किया होगा।

8. कवि द्वारा उल्लिखित बातों के अतिरिक्त समाज में अन्य किन बातों को आप खतरनाक मानते हैं?
उत्तर:- कवि द्वारा उल्लिखित बातों के अतिरिक्त समाज में निम्नलिखित बातों को हम खतरनाक मानते हैं -
1. बाल मज़दूरी
2. स्त्री शोषण
3. साम्प्रदायिकता
4. आतंकवाद

5 . संवेदनशून्यता जैसे सड़क पर घायल की मदद न करना आदि

9. समाज में मौजूद खतरनाक बातों को समाप्त करने के लिए आपके क्या सुझाव हैं?
उत्तर:- समाज में मौजूद खतरनाक बातों को समाप्त करने के लिए हमारे कुछ सुझाव हैं -
1. घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनना। 2. जागरूकता फैलाना। 3. धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठना।
4. पुलिस, सरकार और जनता की आपसी भागीदारी।